अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में कार्यशाला का आयोजन

2 अप्रैल 2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में लाल रतन सिंह गुप्ता मेमोरियल लाइब्रेरी के द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम का प्रभावी उपयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य नई तकनीक द्वारा सीखने की प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करना, प्रभावी ट्रैकिंग और रिपोर्टिंग संबंधी जानकारी से अवगत करवाना था। अग्रवाल कॉलेज विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता (गवर्निंग बॉडी), अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता(गवर्निंग बॉडी) की सद्प्रेरणा से कॉलेज में न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि प्रवक्ताओं के लिए भी अनेक नई तकनीकी संबंधी जानकारी के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर के.पी. सिंह(डिपार्मेंट ऑफ़ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने पौधा भेंट कर अतिथि का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम क्या है और ये किस प्रकार से आज के समय में प्रभावशाली है इस पर विस्तृत चर्चा की। सही समय और शब्द का प्रबंधन होना चाहिए। व्यक्ति में इच्छाशक्ति होनी चाहिए। सफलताएं कभी सुविधाओं से नहीं मिलती हैं उन्होंने बताया कि इसके द्वारा ऑनलाइन लर्निंग, समय की बचत करने एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन में सहायता मिलती है। व्यक्ति को संवेदनाएं संस्कार और भावनाएं जीवित रखनी चाहिए और यह सब किताबी ज्ञान से मिल सकता है। शोधगंगा , शोध चक्र इत्यादि के बारे में चर्चा की। इसका उपयोग ऑनबोर्डिंग, डेटा विश्लेषण, अच्छे शिक्षण एवं कौशल प्रतिभा पहचान के लिए भी किया जाता है। प्रवक्ताओं ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से अपने जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम संयोजक डॉ रामचंद्र के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।